हनुमत मोरी अर्ज सुनाओ राम लला को

हनुमत मोरी अर्ज सुनाओ राम लला को,
राम को बोलो जय श्री राम सीता को प्रणाम,
लक्ष्मण को बोओ रामराम कहिये मोरो नाम,
मन तरस राम दर्शन बोलो राम लला को.......

सुरसा से प्राण बचाकर, लांघ गए थे सागर,
सीता जी को ढूंढ लिया लंका में जाकर,
राममुद्रिका सिय को दी वाटिका आकर,
उजारी सारी वाटिका सारे फल खाकर,
जब राम काज इतने किये हो तो बोलो रामलला को.......

अक्षय कुमार को मारकर, मचा दी हाहाकार,
लका सारी जला के असुरो का दिया संहार,
सीना अपना चीर के दिखाया राम को प्यार,
आप राम के परम् सेवक शिव हो अवतार,
मैं भारी संकट में उलझो हु बोलो राम लला को......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30986/title/hanumat-mori-arz-sunao-ram-lalla-ko

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |